**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

## PUNJAB KESARI

# जेसी बोस विश्वविद्यालय और जापान के एहिमे विश्वविद्यालय के बीच हुआ समझौता

फरीदाबाद, 20 अक्तूबर (सूरजमल): अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए फरीदाबाद और एहिमे विश्वविद्यालय जापान ने समझौता किया है।



*एहिमे विश्वविद्यालय, जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर।*

इस समझौते से दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक संबंधों को मजबूती मिलेगी तथा उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा जोकि दोनों संस्थानों द्वारा अनुसंधान, नवाचार और शैक्षिक अवसरों को आगे बढ़ाने देने के प्रयासों तथा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस समझौते के प्रयास मार्च 2023 में एहिमे विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के अकादमिक दौरे के दौरान शुरू हुआ था, जिसे अब अंतिम रूप दिया गया है। समझौते के अंतर्गत सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देना, संयुक्त पर्यवेक्षण और प्रकाशनों के माध्यम से अनुसंधान और विकास गतिविधियों को सुविधाजनक बनाना, उद्योग की जरूरतों के साथ अकादमिक अनुसंधान को संरेखित करने वाली सहयोगी अनुसंधान पहलों के लिए सूचना और सहयोग के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, छात्रों के माध्यम से सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान तथा विशेषज्ञ व्याख्यानों और कार्यशालाओं के माध्यम से क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना शामिल हैं।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

## AMAR UJALA

# जेसी बोस ने किया जापान के विश्वविद्यालय से समझौता

संवाद न्यूज एजेंसी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय और एहिमे विश्वविद्यालय, जापान ने अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता किया है। दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक संबंधों को मजबूती मिलेगी।

वही, उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मार्च 2023 में एहिमे

**दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक संबंधों को मजबूती मिलेगी**

विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल जेसी बोस विश्वविद्यालय के अकादमिक का दौरा किया था। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई थी। इसके आधार पर समझौता किया गया था। इस समझौते का उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका को महत्वपूर्ण को बताया। उन्होंने कहा कि जापान और भारत सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के बहुत करीब हैं और इससे दोनों विश्वविद्यालयों को लाभ होगा। विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, ब्लॉक-चेन, जियोथर्मल और रॉक मैकेनिक्स सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान को लेकर सहयोग मिलेगा।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

## HINDUSTAN

# अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एमओयू

फरीदाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वाईएमसीए, फरीदाबाद और एहिमे विश्वविद्यालय, जापान ने अकादमिक और अनुसंधान सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता (एमओयू) किया है। इस समझौते से दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक संबंधों को मजबूती मिलेगी।

एमओयू से उभरते क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा जोकि दोनों संस्थानों द्वारा अनुसंधान, नवाचार और शैक्षिक अवसरों को आगे बढ़ाने देने के प्रयासों तथा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शैक्षणिक साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस समझौते के प्रयास मार्च 2023 में एहिमे विश्वविद्यालय के एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के अकादमिक दौरे के दौरान शुरू हुआ था, जिसे अब अंतिम रूप दिया गया है।

## विश्वविद्यालय में हवन किया

फरीदाबाद। जेसी. बोस विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को नवरात्र के उपलक्ष्य पर सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए हवन किया गया। इसमें शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों ने आहुति डालते हुए पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न किया गया।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

# HINDUSTAN

## कार्यशाला में छात्रों को जागरूक किया

फरीदाबाद। जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के कंप्यूटर सेंटर एवं डिजिटल अफेयर्स (यूसीसी और डीए) सेल द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सरकार की डिजिटल पहल के बारे में छात्रों और स्टाफ सदस्यों के बीच जागरूकता लाना था।

कार्यशाला में सरकार द्वारा सुचारू और कागज रहित दैनिक गतिविधियों के लिए प्रदान की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण और उपयोगी सुविधाओं को शामिल किया गया। कार्यशाला में शामिल कुछ महत्वपूर्ण विषय डिजी-लॉकर, डिजी-यात्रा और परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) रहे। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के छात्रों और कर्मचारियों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस ने किया समझौता

एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद: अकैडमिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जेसी बोस यूनिवर्सिटी और जापान की एहिमे यूनिवर्सिटी के बीच समझौता हुआ। जेसी बोस के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर ने बताया कि समझौते का मुख्य उद्देश्य सहयोगी अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देना, संयुक्त पर्यवेक्षण और प्रकाशनों के माध्यम से अनुसंधान और विकास गतिविधियों को सुविधाजनक बनाना आदि है।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## डिजिटल उपायों पर कार्यशाला का आयोजन

फरीदाबाद, 20 अक्तूबर (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के यूनिवर्सिटी कंप्यूटर सेंटर एवं डिजिटल अफेयर्स (यूसीसी और डीए) सेल द्वारा भारत सरकार की डिजिटल पहल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शामिल कुछ महत्वपूर्ण विषय डिजी-लॉकर, डिजी-यात्रा और परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) रहे। कार्यशाला में छात्रों और कर्मचारियों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इलेक्ट्रॉनिक्स और कंट्रोल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता रखने वाले विजय नरेश जटवानी जो कि संस्थान में 1982 बैच के पूर्व छात्र अतिथि वक्ता रहे।

वर्तमान में डिजिटेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक जटवानी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, हिंदुस्तान कंप्यूटर्स लिमिटेड, उषा कंप्यूटर्स, हिंदीट्रॉन और ऑनवर्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप से जुड़े रहे है।

कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर अतुल मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक और सलाहकार यूसीसी और डीए प्रोफेसर कोमल कुमार भाटिया, प्रोफेसर नरेश चौहान और यूसीसी और डीए की निदेशक डॉ. नीलम दुहान, संस्थान के पूर्व छात्र राज कुमार सिंह, लाइब्रेरियन डॉ. पी.एन. बाजपेयी और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING:21.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## यूनिवर्सिटी में किया हवन

**एस, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया विभाग ने नवरात्रि के उपलक्ष्य में सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए हवन का आयोजन किया। इस मौके पर प्रो.संदीप ग्रोवर, प्रो.अतुल मिश्रा, प्रो. डॉ.अरविंद गुप्ता, प्रो.पूनम सिंघल, डॉ.तरुणा नरूला, डॉ.सोनिया हुड्डा, डॉ.राहुल आर्य, डॉ.सुधीर, डॉ.अखिलेश त्रिपाठी, डॉ.ताबिश आदि मौजूद रहे।